जरीडीह और कसमार की पंचायतों में जरूरतमंदों को दी जा रही राहत सामग्री

भास्कर न्यूज | जैनामोड़

कोरोना के खिलाफ इस वैश्विक जंग में कोई बेबस, लाचार, असहाय व्यक्ति या उसका परिवार भूखा न रहे इस सोच के साथ जैनामोड़ स्थित प्रदान संस्था, तेजस्विनी महिला संघ, जरीडीह, जागृति महिला संघ, खैराचातर की महिला समूहों के साथ मिलकर जरीडीह और कसमार प्रखंड के 25 पंचायतों में एक अप्रैल से कोरोना के विरुद्ध वार कार्यक्रम संचालित कर रही है। इसके तहत जरीडीह और कसमार प्रखंड के जरूरतमंदों को घर-घर राहत सामग्री पहुंचायी जा रही है। इस कार्यक्रम को अजीम प्रेमजी जनकल्याण फाउंडेशन एवं शेयर एंड केयर फाउंडेशन के वित्तीय सहयोग के साथ-साथ स्थानीय पंचायतों, प्रखंड एवं जिला प्रशासन

जरूरतमंदों को राहत सामग्री देते संस्था के लोग।

का भी सहयोग प्राप्त है। प्रदान संस्था के टीम कोऑर्डिनेटर सौरव दत्ता ने बताया कि यह कार्यक्रम लॉकडाउन अवधि तक चलता रहेगा और आवश्यकता पड़ने पर जरुरतमंदों को आगे भी हरसंभव मदद पहुंचाई जाएगी। इस कार्यक्रम में महिला समूहों व ग्राम संगठनों की दीदियों के साथ-साथ प्रदान की जयश्री, आभा, सौरभ, आकांक्षा, आलोक, आबिद, तेजस्विनी महिला संघ व जागृति महिला संघ के विजय, संतोष, सुलेखा, आनंद, मोहिब, मीना, लालकृष्ण, पंकज, अक्षय, अंकित, पंचानन, अनिल, विभा आदि अहम भूमिका निभा रही हैं।